Score

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखें ।**

जिसके रज में लोट-लोट कर बड़े हुए हैं ।
घुटनों के बल सरक-सरक कर खड़े हुए हैं ।।
परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए ।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ।।
हम खेले-कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में ।
हे मातृभूमि ! तुझको निरख, मग्न क्यों न हों मोद में ?

**1.** किसके रज में लोट-लोट कर बढ़े हुए हैं ? (1)

**2.** 'धूल भरे हीरे' से कवि किसकी ओर इशारा करते हैं ? (1)

**3.** कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें । (6)

Score

4. नीचे दिए अंग्रेज़ी शब्दों के लिए उचित पारिभाषिक शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखें । (8×1=8)

| | |
|---|---|
| Commerce | Atom |
| Algebra | Bio-chemistry |
| Trade union | Physics |
| Sociology | Gravitation |

(परमाणु, श्रमिक-संघ, समाज-विज्ञान, भौतिकी,
गुरुत्वाकर्षण, जैव रसायन, बीज गणित, वाणिज्य)

सूचना : 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें । (3×2=6)

5. 'आज जब अपना सामान खुद उठाया
एक आदमी का चेहरा याद आया ।'

सामान खुद उठाते वक्त कवि के दिमाग में कौन-सा विवेक पैदा हुआ ?

6. कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहिं डरीं ।- गोपिकाएँ कृष्ण के लिए क्या-क्या छोड़ती है ?

7. 'कल रजिस्ट्री के बाद वह ज़मीन अपनी कहाँ रह जाएगी । फिर दूसरों के ज़मीन में क्या जाना ?'

पिताजी आज ही ज़मीन क्यों देखना चाहते हैं ?

8. 'तू पानी पिलाया कर, पुण्य मिलता है ।' – यह किसका कथन है ?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार का उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें । (4×4=16)

9. 'मुरकी उर्फ बुलाकी' कहानी का ये कथन पढ़ें ।
- बड़े सुंदर पहाड़ी गीत गाती थी । उड़ते पंछी भी खड़े हो जाते थे ।
- तुझे तो वह अपने हाथों से नहीं खिलाती थी, अपनी जान से खिलाती थी ।

मुरकी के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

10. जीवन–वृत्त पढ़ें ।

| जीवन–वृत्त | | |
|---|---|---|
| नाम | : | अमृता प्रीतम |
| जन्म | : | 1919 |
| जन्मस्थान | : | गुजरांवाला, पंजाब |
| रचना क्षेत्र | : | उपन्यास, कहानी, कविता, संस्मरण, आत्मकथा |
| पुरस्कार | : | 1982 का ज्ञानपीठ, साहित्य अकादमी पुरस्कार, पद्मश्री, पद्मविभूषण |
| मृत्यु | : | 31 अक्तूबर, 2005 |

अमृता प्रीतम के जीवन पर एक अनुच्छेद तैयार करें ।

11. ज़मीन एक स्लेट का नाम है पाठ का ये अंश पढ़ें ।

'कुछ और कीमत आ सकती थी मगर मजबूरी का फ़ायदा सभी उठाते हैं ।'

'शादी की तैयारियाँ शुरू करनी थी । भविष्य निधि से भी कुछ हज़ार रुपए पिताजी निकाल लाए थे ।'

शादी के नाम पर किया जानेवाला आडंबर आज एक सामाजिक समस्या बन गई है ।

अपना मत प्रकट करें और टिप्पणी लिखें ।

सहायक संकेत :

- दुर्व्यय की आदत ।
- दिखावे के नाम आडंबर ।
- बढ़ती दहेज–प्रथा ।
- रिश्ते का आधार प्रेम ।

Score

12. हाइकू पढ़ें ।

'जिन्हें न होता
दर्द का अहसास
आँसू ओस हैं ।'

वेदना मन को पवित्र बनाती है । हाइकू के आधार पर टिप्पणी लिखें ।

13. सूरदास का यह पद पढ़ें ।

'सुतमुख देखि जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु की सुधि भूली ।।
बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।
तनक तनक सी दूध की दँतियाँ देखौ नैन सुफल करो आई ।।'

दूध की दँतियाँ देखकर यशोदा माँ अपने आपको भूल गई ।

पद के आधार पर टिप्पणी लिखें ।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न संख्या 14 और 15 के उत्तर लिखें ।**

एकाध किलोमीटर आगे जाकर उसने स्कूटर रोककर राहगीरों से पूछना शुरू किया, 'पानी पिएँगे', और वह अंजरियों में मशक से पानी उँडेलता लोगों की प्यास बुझाता और आगे बढ़ जाता । विकास मार्ग से पार्लियामेंट स्ट्रीट तक जाते–जाते उसने दर्जनों बार स्कूटर रोककर राहगीरों को पानी पिलाया । खास बात यह है कि पानी की रेहड़ी से उसने दो बार मशक भरवाया और पैसे अदा किए । मैं सोच में डूब गई कि कैसा स्कूटरवाला है, जिसके सामने प्यासे अपने आप आ जाते हैं ? शायद वह एक गहरे कुँएँ की माफिक होगा, जिसके दिल में प्यार बसता है । बाद में पता चला कि उसका नाम ही 'मशकवाला स्कूटर' पड़ गया । सवारी और चालक के रिश्ते, पता ही नहीं चलता कि कब मधुर हो जाते । जब घर के बड़े बुजुर्गों को कोई पानी नहीं पिलाता और पानी माँगने पर अँगारों जैसी जलती आँखें दिखाई जाती हों, तो यह स्कूटरवाला तो पीर जैसा लगेगा ही न ।

14. 'उसका नाम ही 'मशकवाला स्कूटर' पड़ गया ।' क्यों ? (2)

15. गद्यांश का संक्षेपण करें और शीर्षक लिखें । (6)

Score

**सूचना : 16 से 19 तक के प्रश्नों में किन्हीं तीन का उत्तर लिखें ।** (3×6=18)

**16.** दवा कहानी का यह अंश पढ़ें ।

"मैं इन्हें मज़े में कई घंटे जीवित रख सकता हूँ ।"

अनंगजी को ज़िंदा रखने के लिए आए मित्र अंत में मर जाते हैं । अनंगजी के डॉक्टर अपने डॉक्टरी जीवन की इस विचित्र घटना को डायरी में लिखता है । वह डायरी तैयार करें ।

सहायक संकेत :

अनंगजी की बुरी हालत ।

मित्र द्वारा जीवन बचाने की वादा ।

अनंगजी का मित्र द्वारा तारीफ़ करना ।

मित्र को मरे देखना ।

**17.** इस साल का विश्व हिंदी सम्मेलन केरल के तिरुवनंतपुरम में चौदह सितंबर को शुरू करने का आयोजन है । इसका उद्घाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति के द्वारा संपन्न होगा । उसमें विख्यात साहित्यकार डॉ. जे. बाबू अध्यक्ष होंगे । सम्मेलन सत्रह सितंबर को समाप्त होगा । सम्मेलन में संगोष्ठियाँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताएँ, कवि सम्मेलन आदि भी होंगे । कार्यक्रमों की सूचना देते हुए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

**18.** अंग्रेज़ी खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

There was an accident near our school yesterday. A car was coming at full speed. A cyclist suddenly appeared in the middle of the road. The driver pressed the breakes very hard. But the car did not stop in time and the cyclist was knocked down. An old man who has seen the accident took the injured cyclist to the hospital.

(accident – दुर्घटना, full speed – तेज़ रफ़्तार,
driver – चालक, knocked down – टकराकर गिरना,
cyclist – साईकिलवाला, hospital – अस्पताल)

Score

19. 'हे फूल, तू अन्न है इस छोटी बहन के लिए
इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है !
तुझे चढ़ाकर भला अब
क्या पाऊँ मैं ... !'

फूल अन्न है छोटी बहन के लिए। अपना विचार प्रकट करें।

**सूचना : 20 से 22 तक के प्रश्नों से किन्हीं दो का उत्तर लिखें।** **(2×8=16)**

20. बेटी के नाम पाठ की ये पंक्तियाँ पढ़ें।

"मैं तो ज़िंदा हूँ। वे तो बिना आई मौत मर गए।"

"दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे, मैं भी उनको रोता हूँ।"

भारत की आज़ादी की लड़ाई में हज़ारों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है।

इन कुर्बानियों का जिक्र करते हुए आप अपने मित्र को एक पत्र लिखें।

सहायक संकेत :

जनता की बुरी हालत।
अंग्रेज़ों की निर्दयता।
हज़ारों की कुर्बानी।
स्वतंत्रता का महत्व।

21. हिंदी को लोकप्रिय बनाने में फिल्मों एवं फिल्मी गीतों का विशेष योगदान रहा है। इस पर चर्चा करते हुए दो मित्रों के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

सहायक संकेत :

फिल्मों एवं फिल्मी गीतों का प्रभाव।
हिंदी के प्रति रुचि।
भाषा का प्रचार एवं प्रसार।

Score

22. "किसी दयालु व्यक्ति से राह का भाड़ा लेकर लौट आई, नहीं तो न जाने कहाँ भटकती ?" – कहानियों में अकसर ऐसा होती है । लेकिन वास्तविक जीवन में स्त्री को ऐसी स्थिति में अनेक मुश्किलों का सामना करना पड़ता है ।

इसी दौरान स्त्री सुरक्षा पर अपना मत प्रकट करते हुए निबंध तैयार करें ।

सहायक संकेत :

असुरक्षित वातावरण ।
सामाजिक दुर्दशा ।
सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव की ज़रूरत ।
कानून–व्यवस्था का सही पालन ।